गांव अटारी में किसान गोष्ठी का हुआ आयोजन

भरतपुर (निस)। जिला कलक्टर डॉ. अमित यादव के निर्देशानुसार जिले में चलाये जा रहे प्रयास अभियान को सफल बनाने के लिए पंजाब नैशनल बैंक के मंडल प्रमुख प्रमोद कुमार के निर्देशानुसार अठाणी जिला प्रबंधक, भरतपुर के द्वारा पंजाब नैशनल बैंक, लखनपुर के द्वारा गांव अटारी में अठाणी जिला प्रबंधक प्रशान्त कुमार की अध्यक्षता में किसान गोष्ठी का आयोजन किया गया। शाखा प्रबंधक लखनपुर राहुल गौतम, पंजाब नैशनल बैंक के कृषि प्रबंधक बलराम, अठाणी जिला प्रबंधक कार्यालय से दिनेश कुमार मीणा, बलबीर सिंह सोशल वेलफेयर एवं लगभग 100 से 125 ठामीण किसान एवं राजीविका की दीदियां उपस्थिति रहे। कार्यक्रम का मुख्य उद्देश्य जिला कलक्टर द्वारा चलाए गए प्रयास अभियान को सफल बनाने एवं जिले में उद्योग एवं कृषि के क्षेत्र में जिले को आगे बढ़ाने के लिए किसानों एवं राजीविका दीदियों कि आय बढ़ाने के लिए समेकित फार्मिंग, कृषि ऋण सम्बन्धित योजनाओं, सरकार द्वारा संचालित सभी ऋण योजनाओं का सीधा लाभ पात्रजनों को मिल सके।

भरतपुर के सारस चौराहे पर सरसों के तेल की बोतलों से भरा ट्रक पलट गया

भरतपुर (निस)। मथुरा गेट थाना क्षेत्र में एक कार को बचाने के चक्कर में 20 टन के करीब सरसों के तेल की बोतलों से भरा ट्रक पलट गया। ट्रक पलटने के बाद सड़क पर सरसों के तेल की बोतलें बिखर गई। गनीमत यह रही कि हादसे में कोई जनहानि नहीं हुई और, न सड़क पर तेल फैला। ट्रक ड्राइवर ने बताया की वह ट्रक को लेकर जयपुर से बिहार जा रहा था।

- **ट्रक पलटने से सड़क पर तेल से भरी बोतले फैल गई, ट्रक चालक के अनुसार अचानक सामने वाहन आने से हुआ हादसा**

एक कार को बचाने के चक्कर में पलटा ट्रक।

ट्रक ड्राइवर रघुनाथ निवासी जयपुर ने बताया कि वह फॉर्च्यून कंपनी की बोतलों से भरा 16 चक्का ट्रक जयपुर से बिहार के पूर्णियां इलाके में जा रहा था। देर रात से बारिश हो रही है जिसके कारण सड़कें गीली हैं और, धुंध भी है। जैसे ही ड्राइवर भरतपुर शहर में मथुरा गेट थाना इलाके के सारस चौराहे पर पहुंचा। तभी ट्रक के सामने अचानक एक कार आ गई जिसे बचाने के चक्कर में ट्रक अनियंत्रित हो गया। जिसके कारण वह पलट गया। ट्रक के पलटने के बाद कुछ कार्टून फट गए। जिसमें से तेल की बोतलें निकलकर सड़क पर फैल गई।

घटना में ट्रक ड्राइवर के मामूली चोट आई है। गनीमत यह रही कि कोई जनहानि नहीं हुई। हालांकि सड़क पर सरसों के तेल से भरी बोतलें बिखर गईं। जिसके बाद सड़क से उन्हें हटवाया गया।

जिला स्तरीय जनसुनवाई में आए 16 परिवाद'

डीग (निस)। राजस्थान सरकार की जन भावना के अनुरूप पारदर्शी एवं संवेदनशील वातावरण में आमजन की परिवेदनाओं की सुनवाई एवं त्वरित समाधान के लिये जिला स्तरीय जनसुनवाई और जिला स्तरीय सतर्कता समिति की बैठक गुरूवार को पंचायत समिति सभागार में हुई। इस दौरान जिला कलक्टर उत्सव कौशल ने आमजन की परिवेदनाओं की सुनवाई करते हुए विभागीय अधिकारियों को समयबद्ध रूप से निस्तारण के निर्देश देते हुए कहा कि माननीय मुख्यमंत्री महोदय की मंशा के अनुरूप पीड़ित को राहत व संतुष्टि दिलवाना सुनिश्चित करें। जनसुनवाई के दौरान प्राप्त 16 प्रकरणों पर चर्चा करते हुए संबंधित अधिकारियों को आवश्यक निर्देश दिये गये। जनसुनवाई के दौरान जिला कलेक्टर ने प्रकरणों की जानकारी लेकर कहा कि जिला स्तरीय जनसुनवाई के साथ-साथ ठाम पंचायत और उपखण्ड स्तर की जनसुनवाई में परिवेदनाओं का गुणवत्तापूर्ण निस्तारण किया जाये। इस अवसर पर एडीएम संतोष कुमार मीणा, अतिरिक्त मुख्य कार्यकारी अधिकारी जिला परिषद मोहन सिंह, आयुक्त नगर परिषद कुलदीप सिंह, प्रशिक्षु एसडीएम सर्वेश शर्मा, आदि मौजूद रहे।

सार-समाचार

पद दंगल 27 व 28 को

सूरौठ । महात्मा ज्योतिबा फूले भवन के पास दो दिवसीय पद दंगल का किया जायेगा आयोजन, जिसमें सैनी समाज के अध्यक्ष जगमोहन सैनी ने जानकारी देते हुए बताया कि 27 जनवरी से 28 जनवरी तक दो दिवसीय पद दंगल का आयोजन होगा जिसमें दिनेश सैनी भूडा बाबडी गायन पार्टी, रामखिलाड़ी सैनी बसवा गायन पार्टी, व जगन सैनी नंदेरा कि गायन पार्टी अपना अपना गायन प्रस्तुत करेगी जिसमें अधिक से अधिक संख्या में सभी लोग पधारकर पद दंगल कि शोभा बढ़ायें व जिस पर सैनी समाज के सभी लोगों को पद दंगल आयोजन हेतु अलग-अलग जिम्मेदारी सौंपी गई।

कैप्शन 161-प्रदेश मंत्री एवं खंडार विधायक जितेन्द्र गोठवाल ने भाजपा के संविधान गौरव यात्रा अभियान की जानकारी दी-फोटो 161

भाजपा ने संविधान गौरव यात्रा को लेकर प्रेसवार्ता की

भरतपुर (निस)। भरतपुर में भाजपा के जिला कार्यालय पर प्रदेश मंत्री एवं खंडार विधायक जितेन्द्र गोठवाल ने प्रेसवार्ता कर भाजपा के संविधान गौरव यात्रा अभियान की जानकारी दी। उन्होंने बताया कि भारत रत्न बाबा साहब डॉ भीमराव अंबेडकर के योगदान को लेकर भाजपा द्वारा पूरे प्रदेश में संविधान गौरव यात्रा अभियान चलाया जा रहा है। उन्होंने कहा कि गौरव यात्रा के माध्यम से केन्द्र व प्रदेश सरकार के किए गए कार्यों व बाबा साहब अम्बेडकर को दिया सम्मान को सबको बताएंगे। यह यात्रा ब्लॉक स्तर पर जाएगी और आम आदमियों से चर्चा की जाएगी। उन्होंने कहा कि राजस्थान सरकार द्वारा भाजपा के चुनाव धोषणा पत्र के तहत युवाओं के रोजगार के लिये भर्तीयों को कलैन्डर जारी किया गया है जो कि एक राजस्थान सरकार का एक ऐतिहासिक कदम है। जिससे युवाओं को रोजगार के अवसर के साथ-साथ उन्हें परीक्षा की तैयारी के लिये समुचित समय मार्ग एवं प्रबधन मिल जावैगा तथा राजस्थान सरकार द्वारा एक बर्ष में कुल 60 हजार नियुक्ति पत्र जारी कर दिये गये है तथा 15 हजार नियुक्तियां प्रकियाधीन है। उन्होंने कह कि पेपरलीक के मामले में युवाओं को न्याय दिलाते हुये राजस्थान सरकार द्वारा एसआईटी का गठन कर प्रकरण में बडे मगरमच्छों तक पर कार्यवाही की गयी है तथा पेपरलीक के माध्यम से फर्जी लौगो को चिन्हित कर उनके खिलाफ व्यापक स्तर पर कार्यवाही की गयी है तथा ऐसे लोगों को एसओजी हर दिन पकड रही है, राजस्थान में पिछली गहलोत सरकार द्वारा 17 भर्ती परीक्षाओं में पेपर लीक हुये थे। जिनमें से आठ परीक्षाओं को गहलोत सरकार द्वारा रदद कर दिया गया तथा 50 हजार से अधिक पदों पर गहलोत सरकार ने रदद कर दिया गया। युवाओं के भविष्य के साथ खिलवाड किया गया, राजस्थान के मुख्यमत्री भजनलाल द्वारा धोषणा की थी इस साल हम एक लाख युवाओं को सरकारी नौकरी देगें। इस धोषणा का अक्षरश: पालना करते हुये राजस्थान सरकार एक लाख के करीब युवाओं को रोजगार दिया जा चुका है। कर्मचारी बोर्ड द्वारा 70 सवर्गों में तिथीवार भर्ती परीक्षाओं की धोषणा की गयी है। जिससे राजस्थान की भजनलाल सरकार का युवओं के प्रति सरकारत्मक विजन जाहिर होता है। राजस्थान की भजपा सरकार अपने कार्यकाल में 4 लाख युवाओं को सरकारी नौकरिया तथा 6 लाख लौगों को स्किल्ड रोजगार देने के लिये सकल्पित है। राज्य मंत्री बेढम ने पत्रकारों को सम्बोधित करते हुये कहां कि भाजपा सरकार द्वारा विकास के लिये प्रथम बजट में जो घोषणाए की गयी थी उन पर सकल रूप से कियान्वयन किया जा रहा है तथा प्रत्येक जिले में बजट धोषणाओं के लिये अधिकारियों द्वारा मॉनिटिरिग की जा रही है। जिसकी रिपोर्ट प्रतिदिन मुख्यमंत्री भजनलाल द्वारा की जा रही है। उनके द्वारा काठोंस पर आरोप लगाते हुये कहां कि काठोंस द्वारा संविधान रचयेता अम्बेडकर के नाम पर राजनीति की है तथा उनके नाम का दुरूपयोग कर जन मानस का बिगाडा जबकि वास्तविकता में भाजपा द्वारा प्रत्येक स्तर पर अम्बेडकर का सम्मान किया गया। भाजपा द्वारा अम्बेडकर के प्रमुख पहचान वाले स्थलों को पच कल्याण का रूप देकर उनको सच्ची श्रद्वान्जली दी गयी है। प्रैस बार्ता में जिलाध्यक्ष मनोज भारद्वाज द्वारा भाजपा सरकार द्वारा भरतपुर में कराये जा रहे विकास कार्यो पर चर्चा करते हुये कहां कि अगले कुछ सालों में भरतपुर बर्ल्ड क्लस सिटी के रूप में पहचाना जावेगा। जिला प्रवक्ता अशोक सिहंल ने प्रैस वर्ता को सम्बोधित करते हुये कहा कि पिछली काठोंस सरकार के कार्यकाल में बेरोजगारी दर 28-32 प्रतिशत चली गयी जो कि राष्ट्रीय ओसत से 400 प्रतिशत ज्यादा थी। प्रैस वार्ता में श्याम सुन्दर गौड, अरूण प्रधान, दिनेश शर्मा आदि मौजूद रहें।

संवैतनिक अवकाश देने के निर्देश

सीकर । जिला निर्वाचन अधिकारी एवं जिला कलेक्टर मुकुल शर्मा ने आदेश जारी कर भारत निर्वाचन आयोग, नई दिल्ली द्वारा राज्य दिल्ली के विधानसभा आम चुनाव 2025 के कार्यक्रम की घोषणा के तहत मतदान 5 फरवरी 2025 को संपन्न होगा। उन्होंने बताया कि ऐसे कार्मिक जो दिल्ली राज्य में मतदाता के रूप में पंजीकृत है व राजस्थान राज्य में कार्यरत है, ऐसे अधिकारी, कार्मिकों को मतदान के लिए आवेदन करने पर मतदान 5 फरवरी 2025 (बुधवार) का संवैतनिक अवकाश स्वीकृत करने के लिए जिला कलेक्टर, विभिन्न विभागों, उपक्रमों, बोर्ड, निगमों आदि के विभागाध्यक्षों को प्राधिकृत किया गया है।

महात्मा फुले व सावित्रीबाई की प्रतिमा का अनावरण

हिंडौन सिटी । राष्ट्रीय फुले ब्रिगेड के प्रदेश अध्यक्ष दिनेश चन्द सैनी ने महात्मा ज्योतिबा फुले सावित्रीबाई फुले की प्रतिमा का अनावरण किया ।

जानकारी के अनुसार नववर्ष में मकर संक्रांति के पर्व पर महात्मा ज्योतिबा फुले पार्क में मूर्ति अनावरण कार्यक्रम नादोती मालियों की ढाणी रायसना तहसील नादौती जिला करौली में 15 जनवरी 2025 बुधवार से पद दंगल सुड्डा हरिकीर्तन कार्यक्रम में आज मुख्य अतिथि राष्ट्रीय फुले ब्रिगेड के प्रदेश अध्यक्ष दिनेश चन्द सैनी राष्ट्रीय फुले ब्रिगेड प्रतिमा का अनावरण कर दीप प्रजलन कर कार्यक्रम की शुरुआत साथ में प्रदेश प्रवक्ता महेश चंद सैनी सैनी हिंडौन सिटी सैनी समाज तहसील अध्यक्ष श्री मोहनलाल सैनी प्रेमसिंह सैनी जिला सचिव एवं भामाशाह बालकृष्ण सैनी तहसील प्रमुख हिंडौन सिटी ठेकेदार लक्कीराम सैनी लक्ष्मी नारायण सैनी के द्वारा आज मूर्ति अनावरण महात्मा ज्योतिबा फुले सावित्रीबाई फुले की प्रतिमा का अनावरण किया गया इस अवसर पर ठाम वासियों द्वारा डीजे बैंड के द्वारा सभी अतिथियों को स्टेज पर ले जाया गया और सभी का माला साफा पहनाकर किया भव्य स्वागत नादौती ठाम रायसना माली की ढाणी में नादौती ठाम रायसना माली की ढाणी में माता सावित्रीबाई फुले की प्रतिमा अनावर कार्यक्रम आयोजक समिति अध्यक्ष मुनेश सैनी कोषाध्यक्ष कमलेश सैनी सचिव रामसिंह सैनी वरि. सलाहकार प्रकाश चन्द सैनी सलाहकार बनवारी लाल सैनी उपाध्यक्ष भोलाराम सैनी, उपाध्यक्ष कमलेश सैनी बाबूलाल सैनी अध्यापक बरदाला,केमा जगराम अध्यापक एवं प्रमुख पंच पटेलों सहित समाज के सैकड़ो लोग मौजूद रहे।

बदमाशों के खिलाफ प्रभावी कार्यवाही

भरतपुर (निस)। सेवर थाना पुलिस द्वारा गिरधरपुर टोल पर तोडफोड व मारपीट करने के 10 हजार रूपये का ईनामी बदमाश धर्मा उर्फ धर्मसिंह को गिरफ्तार किया गया। इस मामले में अब तक कुल 6 बदमाशों को गिरफ्तार किया जा चुका है। जिला पुलिस अधीक्षक मृदुल कच्छावा के निर्देशन में अतिरिक्त पुलिस अधीक्षक मुख्यालय सतीश यादव के निकटतम पर्यवेक्षण में वृत्ताधिकारी वृत ठामीण भरतपुर आकांक्षा द्वारा प्रभावी पुलिसिंग के तहत, डीएसटी टीम व पुलिस थाना सेवर के जाप्ता द्वारा कार्यवाही करते हुये थाना सेवर के दर्ज मामले में वांछित 10 हजार रूपये का ईनामी बदमाश धर्मा उर्फ धर्मसिंह पुत्र गुलाबसिंह उम्र 30 साल जाति जाट निवासी लखन पैघोर थाना कुम्हेर जिला डीग को गिरफ्तार किया गया।

रेलवे के कार्यों की पहली ही बारिश में खुली पोल

बयाना (निस)। बयाना जंक्शन रेलवे स्टेशन पर रेलवे प्रशासन की ओर से अमृत भारत स्टेशन योजना के तहत करीब 25 करोड़ की लागत से विभिन्न विकास और निर्माण व सौन्दर्यीकरण कार्य कराए जा रहे हैं। जिनकी गुणवत्ता और टिकाऊपन की पहली ही मामूली सी बारिश में ही पोल खुल गई है। वहीं अब जिम्मेदार अधिकारियों की कार्यशैली और कमीशन खोरी व निर्माण एजेंसी की मनमानी या लापरवाही और रेलवे यात्रियों की सुविधाओं व सुरक्षा को लेकर भी सवाल उठने लगे हैं। मनमानी व मिली भगत और भ्रष्टाचार का अंदाजा इसी से ही लगाया जा सकता है कि बयाना में बीती रात को रुक-रुक कर मंद मंद गति से हुई बेमौसम की मामूली बारिश से ही रेलवे स्टेशन पर नवनिर्मित प्रतीक्षालय की छत के बीच से बरसात का पानी ऐसे बहने लगा। जैसे छत के बीच में से कोई झरना बह रहा हो। ऐसी स्थिति में रात को प्रतीक्षालय में बैठकर अपनी ट्रेनों के आने का इंतजार कर रहे रेल यात्रियों को बेहद परेशानियों का सामना करना पड़ा और उन्हें प्रतीक्षालय छोड़कर इधर-उधर नश्तर सी चुभने वाली खुली शीत लहर में रात गुजारनी पड़ी। जानकारी के मुताबिक करीब 3 महीने पहले बयाना रेलवे स्टेशन पर अमृत भारत स्टेशन योजना के तहत चल रहे निर्माण कार्यों के दौरान नया प्रतीक्षालय बनाया गया है। लेकिन बीती रात रुक-रुक कर हुई मामूली सी बारिश में छत से लगातार टपके पानी से प्रतीक्षालय में पानी भर गया। नवनिर्मित प्रतीक्षालय में पानी टपकने से यात्रियों ने रोष जताते हुए कहा कि इससे साफ जाहिर है कि निर्माण कार्यों में निर्धारित मापदंडों की अनदेखी करते हुए घटिया निर्माण सामठी उपयोग में लाई जा रही है। रेलवे की ओर से निर्माण कार्यों के लिए भारी-भरकम बजट देने के बावजूद इस तरह की लापरवाही सामने आने से अब रेलवे के संबंधित अधिकारियों की कार्यशैली व निर्माण एजेंसी और रेल यात्रियों की सुविधा व सुरक्षा को लेकर भी अनेक सवाल उठने लगे है। गंभीर बात यह है कि निर्माण कार्यों का जायजा लेने लगभग प्रत्येक महीने कोटा मंडल के डीआरएम अपने मंडल स्तरीय अधिकारियों की टीम के साथ निरीक्षण कर हर बार गुणवत्ता युक्त निर्माण कार्य करने के निर्देश दिये।

- **जिम्मेदार अधिकारियों व एजेंसी के विरुद्ध कार्रवाई की मांग**

इंद्र के प्रकोप से ईंट भट्टा संचालक

नदबई (निस)। एनसीआर के नियम से दु:खी भट्टा मालिक व अन्य लोग लम्बे समय से एक मार्च का इन्तजार कर कई माह से कच्ची ईंट थपाई करा रहे थे। अब इन्हे देवताओं के राजा इन्द्र देव के प्रकोप का सामना करना पड रहा है। बे मौसम की बरसात से ईंट भट्टों पर 15 से 20 प्रतिशत तक कच्ची ईंट तबाह हो चुकी है और ईंट थपाई स्थल पर बरसात का पानी भर गया। जिससे अब कच्ची ईंट थपाई का कार्य कई दिन तक बन्द रहेगा तथा थपाई करने वाले मजदूर बेरोजगार रहेंगे। बरसात से कच्ची ईंट के नुकसान और काम प्रभावित होने के साथ-साथ थपाई, भराई व निकासी के मजदूरों का बिना कार्य की ऐवज में खर्चा देना आदि को लेकर ईंट भट्टा मालिक व अन्य लोग चिन्तित है। ईंट भट्टा मालिक संघ पूर्व अध्यक्ष सन्तोष चौधरी, चंचल जिन्दल, नरेश शर्मा बहरामदा ने बताया कि भरतपुर-डीग जिले के एनसीआर क्षेत्र में शामिल होने से उद्योग आए दिन बन्द हो रहे है। सबसे ज्यादा ईंट भट्टा कारोबारीओं पर पड रहा है। दिल्ली व आगरा के ताज महल को प्रदूषण से बचाने के लिए 28 फरवरी तक ईंट भट्टा की आंच डालना और ईंट पकाई के कार्य पर पूर्ण रूप से रोक लगी हुई है। नदबई, वैर, भुसावर, नगर आदि उपखण्ड क्षेत्र में 200 से अधिक ईंट भट्टे संचालित है। सभी भट्टों में एक मार्च 2025 को आंच डाली जानी थी। जिसका भट्टा व्यवसाई इन्तजार कर रहे थे। दिसम्बर माह से 15 जनवरी तक प्रत्येक भट्टे पर 30 से 40 लाख कच्ची ईंट थपाई हो गई और थपाई का कार्य तेजी से जारी था। बुधवार-गुरूवार की रात्रि को मौसम खराब हो गया और बरसात हो गई। जिस बरसात के पानी से प्रत्येक भट्टे पर 15 से 20 प्रतिशत कच्ची ईंट तबाह हो गई। ईंट थपाई स्थल पर पानी भर गया और थपाई का काम प्रभावित हो गया। साथ ही भट्टे के अन्दर से साल 2024 की पक्की ईंट निकासी और कच्ची ईंट भराई का कार्य भी रूक गया। सभी मजदूर अब बिना काम के बैठे हुए है। जिन्हे बिना काम कराए खर्चा देना पडेगा। यदि खर्चा नही दिया तो ये गांव व घर चले जाऐंगे और फिर ये काम पर नही आऐंगे। ये हमारा चिन्ता का विषय है।

राजस्थान मरू उडान

भरतपुर (निस)। राजस्थान मरू उडान नवाचार के तहत जिला प्रशासन एवं महिला अधिकारिता विभाग, भरतपुर की ओर से 16 जनवरी को मुख्य चिकित्सा एवं स्वास्थ्य अधिकारी कार्यालय, भरतपुर में बेटी बचाओ-बेटी पढ़ाओ योजना के तहत जिला स्तरीय कार्यशाला का आयोजन किया गया जिसके अन्तर्गत स्तन कैंसर एवं सर्वाइकल कैंसर जागरुकता के विषय पर संवाद कार्यक्रम का आयोजन किया गया।उपनिदेशक महिला अधिकारिता राजेश कुमार ने बताया कि मुख्य अतिथि के रूप में डॉ. चरन सिंह कैंसर रोग विशेषज्ञ, राजबहादुर मेमोरियल अस्पताल, भरतपुर ने बालिकाओं एवं महिलाओं में होने वाले कैंसर एवं उनकी रोकथाम एवं उपचार के संबंध में विस्तृत रूप से जानकारी दी।

कृति शर्मा ने यंग लीडर डायलॉग में भाग लेकर प्रधानमंत्री से किया संवाद

हिण्डौन सिटी । शहर मोहन नगर निर्मल हैप्पी सीनीयर सैकण्डरी स्कूल की छात्रा कृति शर्मा ने यंग लीडर डायलॉग में भाग लेकर दिल्ली के भारत मंडपम में आयोजित कार्यक्रम के दौरान देश के प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी से संवाद किया । अब वे आगमी बजट सत्र 2025-26 के लिए युवाओं की ओर से अपने सुझाव देकर योगदान देंगी।

निर्मल एजूकेशन ठ्रुप के निदेशक मनीष चौधर ने जानकरी देते हुए बताया कि छात्रा कृति शर्मा ने यंग लीडर डायलॉग में भाग लिया वे स्टेट चौंपियनशिप की फाइनलिस्ट रही थी । यह प्रतियोगिता भारत सरकार द्वारा चार चरणों में आयोजित की गई थी। इसमें पहले चरण में माय भारत पोर्टल पर एक क्विज प्रतियोगिता रखी गई। जिसमें संपूर्ण भारत से युवाओं ने हिस्सा लिया। क्विज में विजेता युवा को निबंध प्रतियोगिता के लिए चयनित किया गया। जिसमें युवाओं को 10 टॉपिक विकल्प में दिए गए। निबंध की पांच लोगों के पैनल द्वारा स्क्रीनिंग की गई। चयनित निबंध राज्य सरकार के पास भेजे गए। इसके बाद स्टेट लेवल चौंपियनशिप आयोजित की गई। स्टेट लेवल चौंपियनशिप में पीपीटी प्रेजेंटेशन करवाई गई। उन्हें राष्ट्रीय युवा महोत्सव दिल्ली भारत मंडपम के लिए चयनित किया गया जिसमें, राजस्थान से कुल 39 युवाओं का चयन हुआ। जिन्हें विभिन्न कैबिनेट मंत्रियों से वार्तालाप का मौका मिला व आखिरी दिन 12 जनवरी को प्रधानमंत्री ने उन्हें संबोधित किया ।

योगेन्द्र सिंह मावई का स्वागत सम्मान

योगेन्द्र सिंह मावई के कांग्रेस ब्लॉक अध्यक्ष बनने पर कांग्रेस कार्यकर्ताओं ने स्वागत किया।

सूरौठ । सूरौठ पंचायत समिति सदस्य व कांग्रेस ब्लॉक उपाध्यक्ष बृजेश भारद्वाज ने जानकारी देते हुए बताया कि योगेन्द्र सिंह मावई के कांग्रेस ब्लॉक अध्यक्ष बनने के बाद पहली बार सूरौठ तहसील पधारने पर कांग्रेस कार्यकर्ताओं द्वारा शाम को हीरा फार्म हाऊस धंधावली पर संगठन महासचिव दलवीर सिंह चौधरी के नेतृत्व में सभी कांग्रेस कार्यकर्ताओं ने माला व साफा पहनाकर जोरदार तरीके से भव्य स्वागत सम्मान किया गया व पार्टी कि गतिविधियों कों लेकर चर्चा कि गई व ब्लांक अध्यक्ष योगेन्द्र सिंह मावई ने प्रदेश नेतृत्व सहित विधायक अनीता जाटव व जिलाध्यक्ष शिवराज सिंह मीना का आभार व्यक्त करते हुए सभी कांठोस कार्यकर्ताओं से एकजुट होकर कार्य करने कि बात कही इस मौके पर कांठोस कमेटी के महासचिव राहुल मीणा, महासचिव श्याम सुंदर सैनी , जयसिंह मीना, सचिव रिंकू मीना तैयब हुसैन सूरौठ, भरतराम जाट,मानसिंह ठेकेदार खेम सिंह सोलंकी भूपेंद्र राकेश चौधरी दीपक देशवाल व सोनू जाटव,कप्तान देवेन्द्र कोकवाल सहित दर्जनों कांठोस कार्यकर्ता रहे उपस्थित ।

बैठक में छाए रहे पानी,बिजली,सड़क के मुद्दे

रूपवास । कस्बे के मेला मैदान के पास स्थित पंचायत समिति सभागार में साधारण सभा की बैठक क्षेत्रीय विधायक डॉ ऋतु बनावत के मुख्यातिथ्य में आयोजित की गई। पंचायत समिति प्रधान नीतू नवलकिशोर गुर्जर ने बैठक की अध्यक्षता की। वहीं विशिष्ट अतिथि के रूप में एसडीएम विष्णु बंसल,विकास अधिकारी काजल शर्मा,तहसीलदार अमित शर्मा मौजूद थे। इस अवसर पर बैठक में पानी,बिजली,सड़क व चिकित्सा के मुद्दे छाए रहे।

बैठक में विधायक डॉ ऋतु बनावत ने पेयजल समस्या को लेकर नाराजगी जताई। विधायक ने चंबल एवं पीएचईडी के अधिकारियों को जल्द से जल्द समस्या के समाधान कर अगली साधारण सभा की बैठक में रिपोर्ट पेश करने के निर्देश दिए। ठाम पंचायत सज्जनवास सुशील चौधरी ने गांव में चंबल पेयजल समस्या,खुदे पड़े मुख्य रास्ते को सही करवाने,मुख्यमंत्री मंगल पशु योजना के बारे में ठामीणों को जागरूक करने की मांग। वहीं पंचायत समिति सदस्य तरुण बंसल ने रुदावल में आए दिन मोटर जलने की समस्या,नाथपुरा एवं नगला धोरैया व रामनिवास कॉलोनी में जल जीवन मिशन में पाइप लाइन तो डाली गई है लेकिन आज तक पानी नही पहुँचा हैं।

शंकरीया मास्टर वाली गली में पाइप लाइन सड़क पर होने से लोग परेशान है। जगह जगह लीकेज की समस्या बनी है।

कार्यालय ग्राम पंचायत बसईनबाब, पंचायत समिति सैपऊ(धौलपुर)

क्रमांक/ग्रा.प./ई.नि.नि.सा./2025/544 दिनांक: 15.01.2025

ई-निविदा सूचना 07/2024-2025

ग्राम पंचायत परिक्षेत्र में महानरेगा एवम् ग्रामीण विकास एवम् पंचायतीराज की विभिन्न योजनाओं के तहत सम्पूर्ण वर्षवार स्वीकृत निर्माण कार्यों में निर्माण सामग्री आपूर्ति अनुमानित लागत लगभग 42.00 लाख के लिये सक्षम श्रेणी के पंजीकृत फर्मों से ऑनलाइन ई-निविदा दिनॉक 20.01.2025 को समय 10:00 एएम तक आमंत्रित की जाती है, जिसका UBN No. ZDH2425GLRC00636 है। विस्तृत विवरण https://.sppp.rajasthan.gov.in व https://eproc.rajasthan.gov.in पर देखा व डाउनलोड किया जा सकता है।

सरपंच
ग्राम पंचायत बसईनबाब
पंचायत समिति सैपऊ, धौलपुर

ग्राम विकास अधिकारी
ग्राम पंचायत बसईनबाब
पंचायत समिति सैपऊ, धौलपुर

कार्यालय विकास अधिकारी पंचायत समिति करौली

क्रमांक/पसक/लेखा/2024-25/2964 दिनांक: 16.01.2025

ई-नीलामी विज्ञापन सूचना-1/2025

सर्वसाधारण को सूचित किया जाता है कि पंचायत समिति करौली के अधीनस्थ ग्राम पंचायत कैलादेवी में दिनांक 26.03.2025 से 12.04.2025 तक चैत्र नवरात्रा पर्व 2025 में लगने वाले मेरे में मोटरसाईकिल पार्किंग/कार/बस पार्किंग/मेला ग्राउण्ड में झूला चकरी (मनोरंजन कार्य बस स्टेण्ड) दुर्गा सागर ग्राउण्ड में झूला चकरी का ठेका ई-नीलामी दिनांक 27.01.2025 को प्रात: 11:00 बजे से पंचायत समिति सभागार में ई-बोली खोल या आयोजित की जावेगी। निविदा में भाग लेने हेतु बोलीदाताओं को फोर्म ऑन-लाईन पोर्टल पर .http://eproc.rajasthan.gov.in एवं http://sppp.rajasthan.gov.in दिनांक 24.01.2025 तक प्राप्त किया जा सकता है। निविदा शुल्क/एम.डी.आर.आई.एस.एल. जयपुर/अमानत राशि की डी.डी. विकास अधिकारी पंचायत समिति करौली के नाम देय होगी। निविदा की शर्तें ऑन-लाईन एवं कार्यालय से प्राप्त की जा सकती है।

क्र. सं.	कार्य का नाम	अनुमानित राशि/सरकारी बोली	निविदा शुल्क	धरोहर राशि	शुल्क/एम.डी. आर.आई. एस.एल.	निविदा डाउनलोड व हार्ड कॉपी जमा कराने का दिनांक व समय	निविदा खोलने का दिनांक व समय	पार्किंग शुल्क 24 घण्टे तक
1	कैलादेवी मेले में बस पार्किंग	1410000/-	200/-	200000/-	500/-	17.01.2025 से 24.01.2025 तक 06:00 पीएम तक	27.01.2025 को 11:00 एएम से	200/-
2	कैलादेवी मेले में कार पार्किंग	2310000/-	200/-	200000/-	500/-	"	"	100/-
3	मोटरसाईकिल पार्किंग	300000/-	200/-	200000/-	500/-	"	"	30/-
4	मेला ग्राउण्ड में झूला, चकरी (मनोरंजन कार्य)	500000/-	200/-	200000/-	500/-	"	"	
5	दुर्गा सागर ग्राउण्ड में झूला, चकरी (मनोरंजन कार्य)	300000/-	200/-	100000/-	500/-	"	"	

2KRSLRC00539
2KRSLRC00540
2KRSLRC00541
2KRSLRC00542
2KRSLRC00543

(अजीत सिंह)
विकास अधिकारी
पंचायत समिति करौली